मॉडल प्रश्न–पत्र–I

कक्षा – दसवीं

विषय – व्यवसाय अध्ययन (215)

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड हैं खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान भरो तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

खण्ड (अ)

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×5=05)**

1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में उपभोक्ता के कितने अधिकार है –

(क) 6 (ख) 8

(ग) 7 (घ) 4

2. सम्प्रेषण जिसमें शब्दों की गणना करके भुगतान किया जाता है क्या कहलाता है–

(अ) मोबाइल फोन (ब) टेलेक्स

(स) टेलीग्राम (द) पेजर

3. निम्नलिखित में से कौन से विशेष डाकसेवा नहीं है जो डाकघरों द्वारा दी जाती है –

(क) पंजीकृत डाक (ख) डाक टिकटों की बिक्री

(ग) ओवर नाइट एक्सप्रैस (घ) मूल्य देय डाक

4. निम्न में से कौन सी विक्रय संवर्धन की विधि है –

(क) मुफ्त नमूने (ख) विज्ञापन

(ग) प्रचार (घ) वैयक्तिक विक्रय

5. निम्न में से कौन सा एक उद्यमी का महत्व नहीं दर्शाता –

(क) लोगों का रोजगार उपलब्ध करना

(ख) शोध एवं विकास में योगदान देना

(ग) राष्ट्र के लिए संपत्ति का निर्माण करना

(घ) आत्म निर्भरता प्रदान करना

खण्ड (ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1×5=05)

1. कर्मचारियों की पूर्ति नियम तथा शर्तो का निर्धारण ....करना हैं

2. व्यवसाय का अस्तित्व ....के अस्तित्व पर निर्भर करता हैं

3. कारपोरेट मनी आर्डर में रु. ....तक की राशि भेजी जा सकती है।

4. बीमा ....उपक्रमों तथा वाणिज्य जगत के लिए एक प्रकार की सहायता है।

5. कैडिट कार्ड का प्रयोग ....के माध्यम से सामान खरीदने में किया जाता है।

खण्ड (स)

खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। **(1×10=10)**

1. भूमि प्रदूषण से हमारे देश में कृषि योग्य भूमि में वृद्धि हुई हैं।
2. भंडारण, कारखानों में निरंतर उत्पादन को सुनिश्चित करता है।
3. ट्रैफिक पुलिस द्वारा आम जनता को रूकने का संकेत देना सम्प्रेषण प्रक्रिया है।
4. डाक विभाग वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अतर्गत कार्य करता है।
5. गृह निर्माण बचत जमा खाता आवर्ती जमा खाते का एक प्रकार है।
6. बीमाकृत द्वारा बीमाकर्ता को दी जाने वाली राशि प्रीमियम कहलाती है।
7. व्यवसाय की उत्पादकता तथा यथार्थता को बढ़ाता बाह्यस्त्रोतीकरण के मुख्य कारण है।
8. प्रेषण पत्र को सूचना पत्र भी कहते हैं।
9. टेलीशॉपिंग में समान को बदलना सरलता से हो जाता है।
10. विक्रय संवर्धन उपभोक्ताओं का जीवन स्तर ऊंचा उठाने में सहायता करता है।

निर्देश :– प्रश्न क्रमांक 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 2. नौकरी एवं स्वरोजगार का क्या अर्थ हैं

प्रश्न 3. किस विज्ञापन माध्यम का दृश्य श्रेव्य प्रभाव अधिक पड़ता है।

प्रश्न 4. बड़े पैमाने पर फूटकर व्यापार को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 5. निविदा के माध्यम से विक्रय पद्धति को समझाइए।

प्रश्न 6. वितरण माध्यमों से क्या अभिप्राय है।

प्रश्न 7. सम्प्रेषण प्रक्रिया के चार तत्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न 8. अंतर्देशीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मेल में अंतर बताइए।

प्रश्न 9. साझेदारी को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 10. कंपनी को परिभाषा दीजिए।

प्रश्न 11. पेशे की किन्हीं दो विशेषताओं का समझाइए।

प्रश्न 12. ई– वाणिज्य के प्रकार बताइए।

प्रश्न 13. नीलामी द्वारा बिक्री का क्या अर्थ है।

निर्देश : – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित हैं।

प्रश्न 14. बीमा के प्रकार का लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 15. थोक विक्रेता तथा फुटकर विक्रेता में अंतर लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 16. जमाखोरी व कालाबाजारी से क्या समझते है लिखिए।

प्रश्न 17. स्वरोजगार तथा सवेतन रोजगार में अंतर लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 18 एक सफल उद्यमी के कोई तीन गुण लिखिए।

प्रश्न 19. उपभोक्ता के उत्तरदायित्व लिखिए कोई तीन।

निर्देश :– प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिगये गये हैं।

प्रश्न 20. आर्थिक तथा अनार्थिक क्रियाओं में अंतर लिखिए।

अथवा

परपरागत व्यवसाय तथा ई व्यवसाय में अंतर लिखिए।

प्रश्न 21. संयुक्त हिन्दु परिवार की परिभाषा एवं विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

जल परिवहन के लाभों और सीमाओं का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 22. व्यवसायियों के लिए भंडारगृह के लाभ बताइए।

अथवा

सम्प्रेषण का अर्थ एवं प्रकार लिखिए।

प्रश्न 23 डाकघर की धन भेजने की सेवाओं को लिखिए।

अथवा

भण्डारगृहों के लाभ लिखिए। (कोई चार)

निर्देश :–प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिगये गये हैं।

प्रश्न 24. सुपर बाजार का अर्थ व विशेषताएँ व लाभ लिखिए।

अथवा

विभागीय भंडारों तथा बहुसंख्यक दुकानों में अंतर लिखिए।

प्रश्न 25. बैंक जमा खातों के विभिन्न प्रकार लिखिये।

अथवा

व्यवसाय प्रक्रिया बाहय स्त्रोतीकरण को परिभाषित कीजिए। इसके लाभ क्या है।

निर्देश :–प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिगये गये हैं।

प्रश्न 26. उपभोक्ता की परिभाषा लिखिये और उनके अधिकारों का वर्णन कीजिए।(कोई छः)

अथवा

विज्ञापन के माध्यमों का क्या अर्थ है? विज्ञापन के किन्हीं चार इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के बारे में लिखिए। (2+1+1+1+1)

प्रश्न 27. विक्रय संवर्धन को स्पष्ट कीजिए। विक्रय संवर्धन के किन्हीं चार उद्देश्यों को लिखिए।

अथवा

उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा पारित विभिन्न अधिनियमों के नाम बताइये। (2+1+1+1+1)